डायरी सं. E-905
14 SEP 2026

JS-5
14/09/26

राजस्थान युवा बोर्ड

(युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार)
सवाई मानसिंह स्टेडियम, प्रथम तल, जयपुर
E-mail rajasthan.yb@gmail.com, IP No. 23957

क्रमांकः प.1(36)रायुबो/2025–32442–6954916 जयपुर, दिनांकः यथा हस्ताक्षर

–:: बैठक कार्यवाही विवरण ::–

माय भारत पोर्टल की समीक्षा हेतु मुख्य सचिव, महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 09–09–2026 को एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारीगण उपस्थित हुएः–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग।
2. अतिरिक्त मुख्य सचिव, कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग।
3. संयुक्त शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग।
4. संयुक्त शासन सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग।
5. प्रमुख शासन सचिव, कृषि विभाग।
6. आयुक्त, महिला आधिकारिता एवं बाल विकास विभाग।
7. निदेशक, मुख्य सचिव, कार्यालय।
8. निदेशक, सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग।
9. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) जयपुर।
10. अतिरिक्त निदेशक, कॉलेज शिक्षा विभाग।
11. सहायक संपर्क निदेशक, राजस्थान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग।
12. पी.आर.ओ. सूचना एवं जनसंपर्क विभाग।
13. ओ.एस.डी., नेशनल हेल्थ मिशन, चिकित्सा शिक्षा विभाग।
14. उप शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग।
15. राज्य निदेशक, माय भारत।
16. एस.ओ., राज्य संपर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) जयपुर।

15/9/26
D.R

- बैठक के प्रारंभ में मुख्य सचिव ने प्रदेश में युवाओं के पंजीकरण की स्थिति, यूथ आइकॉन की आउटरीच तथा युवाओं को अभियान से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की साथ ही विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD) 2027 के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई।
- राज्य निदेशक माय भारत द्वारा बताया गया कि VBYLD के प्रथम चरण में माय भारत पोर्टल पर क्विज जारी है, जिसमें राजस्थान के 60 लाख युवा अभी तक क्विज अटेम्प्ट कर चुके हैं और इस मामले में देश में राजस्थान तीसरे स्थान पर है। क्विज में अव्वल आने वाले प्रतिभागी प्रथम निर्धारित चरण में भाग लेंगे। VBYLD में इस प्रकार के कुल 6 ट्रैक आयोजित किए जाएंगे। जिसमें अव्वल रहने वाले प्रतिभागी अंततः 10 से 12 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे।

Signature Not Verified
Digitally signed by Kailash Chand Pahadiya
Designation : Member Secretary
Date: 2026.09.14 14:49:01 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 24505939
M e-Sign

- बैठक में मुख्य सचिव महोदय द्वारा VBYLD का पोस्टर राज्य स्तर पर लॉन्च किया गया।
- अतिरिक्त मुख्य सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा बताया गया कि MY Bharat पोर्टल के तहत प्रदेश में युवाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के लिए विभिन्न अभियानों का सफल संचालन किया जा रहा है। पोर्टल पर राजस्थान में अब तक कुल 22,59,929 युवाओं का पंजीकरण हो चुके हैं, जो देश भर के कुल पंजीकरणों का 8.25% हैं।

माय भारत पोर्टल की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव, महोदय, राजस्थान सरकार द्वारा बैठक में निम्नलिखित निर्देश दिए:–

1. राज्य के जिन जिलों में विकसित भारत क्विज हेतु 15 प्रतिशत से भी कम रजिस्ट्रैशन हुए है, उन जिलों के कलेक्टर को पत्र लिखा जाए।

2. राज्य के युवा पुरस्कार प्राप्तकर्ता (Youth Icon) का एक Whatsapp ग्रुप बनाएं और प्रत्येक Youth Icon दूसरों को प्रेरित कर कम से कम से कम 20 युवाओं का रजिस्ट्रेशन करवाए।

3. मीटिंग में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वह सभी एक–एक Youth Icon से कोऑर्डिनेटर कर प्रतिदिन की रिपोर्ट्स लें।

4. पंचायत स्तर पर यूथ क्लब गठित कर उनके माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवाए।

5. राज्य में पीएम श्री स्कूलों के रजिस्ट्रेशन को बढ़ाकर सभी पीएम श्री स्कूलों का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया जाए।

6. राज्य में पोर्टल पर 692 कॉलेज तथा 300 यूनिवर्सिटी रजिस्टर्ड है इसे बढ़ाकर राज्य की सभी कॉलेजो तथा यूनिवसिर्टी का रजिस्ट्रेशन किया जाए।

7. सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा केंद्र सरकार की गाईडलाईन के आधार पर विशेष तौर से कार्यक्रम आयोजित किए जाए।

8. मेडिकल विभाग को निर्देश दिए गए कि टीवी मुक्त भारत का [illegible] लिए 18 सितंबर से पहले महामहिम राज्यपाल महोदय [illegible] मीटिंग आयोजित की जाए।

Signature Not Verified
Digitally signed by Kailash Chand Paharia
Designation : Member Secretary
Date: 2026.09.14 14:49:01 IST
Reason: Approved

9. कृषि विभाग को कर रेसिंग से को–ऑर्डिनेट करने के लिए निर्देश प्रदान किए गए।

10. विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के सभी 6 ट्रैक से संबंधित विभागों जैसेः— कल्चर ट्रैक के लिए कला एवं संस्कृति विभाग, Innovate for Bharat ट्रैक के लिए DoIT, Technical Education, Social Justice, Skill and Employment तथा विकसित भारत चौलेंज ट्रैक के लिए शिक्षा, कृषि, DoIT चिकित्सा शिक्षा इत्यादि को निर्देश जारी करें।

11. एन.सी.सी. एवं भारत स्काउट गाइड को VBYLD में अधिकतम भागीदारी के लिए निर्देशित करें।

12. DOIT विभाग, कौशल विभाग के माध्यम से VBYLD के तकनीकी ट्रैक्स में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराएं।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

सदस्य सचिव
राजस्थान युवा बोर्ड

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. उप शासन सचिव, मुख्य सचिव महोदय, राजस्थान सरकार ।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, कौशल नियोजन व उद्यमिता विभाग।
4. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग।
5. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग।
6. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग।
7. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, मेडिकल शिक्षा विभाग।
8. निजी सचिव, शासन सचिव, महिला आधिकारिता एवं बाल विकास विभाग।
9. उप शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, जयपुर।
10. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) जयपुर।
11. राज्य निदेशक, माय भारत पोर्टल।
12. सहायक संपर्क निदेशक, राजस्थान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग।
13. रक्षित पत्रावली।

Signature Not Verified

Digitally signed by Kailash Chand Paharia
Designation : Member Secretary
Date: 2026.09.14 14:49:01 IST
Reason: Approved

सदस्य सचिव

RajKaj Ref No.:
24505939
M e-Sign